एम ए एस ओ

समाजशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

प्रथम वर्ष

एम.ए. समाजशास्त्र

जनवरी 2026 एवं जुलाई 2026 सत्र में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों हेतु

एमएसओ 103: भारत में समाजशास्त्र-I

समाजशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली–110068

पाठ्यक्रम कोड : एमएएसओ
सत्रीय कार्य कोड : एमएसओ-103/सत्रीय कार्य/ टीएमए/2026

प्रिय विद्यार्थी,

समाजशास्त्र मेंस्नातकात्तर उपाधि कार्यक्रम (एम.ए. समाजशास्त्र) केसदंर्भ मेंकायर्क्रम दर्शिका मेंहमन बताया है कि समाजशास्त्र केप्रत्येक पाठयक्रम केलिए आपकोएक ***अध्यापक*** जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) पूरा करना होगा।

इन सत्रीय कार्यों में प्रश्न पूछने का अर्थ आपकी योग्यता का पता लगाना है कि आप प्रश्न का वर्णन, विश्लेषण एवं आलोचनात्मक दृष्टि से इसे कैसे स्पष्ट करते हैं और इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि आपको विषयवस्तु की संपूर्ण जानकारी हैं और आप इस पर क्रमबद्ध एवं संसक्त ढंग से लिख सकते हैं। प्रत्येक सत्रीय कार्य में कुल मिलाकर दस प्रश्न हैं और यह दो भागों में विभाजित है। प्रत्येक भाग में पाँच प्रश्न शामिल हैं।

प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में दें। हमारा परामर्श है कि इन सत्रीय प्रश्नों को अपने सहपाठी तथा अकादमिक परामर्शदाता से चर्चा करके लिखने का प्रयास करें। जरूरी है कि आप सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें।

सत्रीय कार्य पूरा करके संबद्ध अध्ययन केंद्र के संयोजक को इसे निम्नलिखित समय–सूची के अनुसार भेज दें :

सत्रीय कार्य	**जमा कराने की तारीख**	**किसे भेजें**
जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी	**30 सितम्बर, 2026**	**संबद्ध अध्ययन केन्द्र का संयोजक**
जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी	**31 मार्च, 2027**	

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद अवश्य लें और इसे अपने पास रखें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्यों की प्रतिलिपि अवश्य रखें। मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र द्वारा सत्रीय कार्यों को लौटाना होगा। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र को मूल्यांकन के बाद अंक, विद्यार्थी पंजीकरण एवं मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजना ज़रूरी होता है।

सत्रीय कार्य करते समय कुछ ज़रूरी बातों को ध्यान में रखना

सत्रीय कार्य करते समय निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना उपयोगी होगा :

1 **नियोजन :** सत्रीय, कार्यों को सावधानी से पढ। इनसे जुड़ी इकाइयों का अध्ययन भलीभाँति करें। प्रत्येक प्रश्न से जुड़े उपयोगी बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें और फ़िर उन्हें तार्किक दृष्टि से क्रमबद्ध करें।

2 **व्यवस्थापन :** पक्का उत्तर लिखने से पहले कच्चा कार्य करें और फिर उत्तर लिखें। प्रारंभिक और अंतिम भाग की ओर पर्याप्त ध्यान दें।

3 **प्रस्तुति :** अपने उत्तर से संतुष्ट हों तो जमा कराने के नज़रिए से पक्का उत्तर लिखें। उत्तर साफ–साफ लिखें और जरूरी बिदुओं को रेखांकित करें। प्रत्येक उत्तर निर्धारित सीमा में होना आवश्यक है।

शुभकामनाओं सहित!

कार्यक्रम संयोजक
एम.ए.समाजशास्त्र
समाजशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इग्नू, मैदान गढी, नई दिल्ली–110068

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
एम.ए. समाजशास्त्र में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
एमएसओ 103: भारत में समाजशास्त्र-I
अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए)

कुल अंक : 100 **कार्यक्रम कोड : एमएएसओ**
अधिभारिता : 30% **पाठ्यक्रम कोड : एमएसओ-103**
सत्रीय कार्य कोड : एमएसओ-103/सत्रीय कार्य/टीएमए/2026

किन्हीं पाँच प्रश्नों (प्रत्येक) का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

		अंक
1.	भारत में एक विषय के रूप में समाजशास्त्र के उद्भव के लिए जिम्मेदार सामाजिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की विवेचना कीजिए।	20
2.	भारतीय समाजशास्त्र में 'पुस्तक दृष्टि' (Book View) और 'क्षेत्र दृष्टि' (Field View) के बीच क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।	20
3.	बी.आर. अम्बेडकर और राम मनोहर लोहिया ने जाति व्यवस्था को किस प्रकार देखा और इसके लिए उन्होंने क्या समाधान सुझाए?	20
4.	जेंडर और जाति के बीच संबंधों की व्याख्या कीजिए।	20
5.	उत्तर भारत में नातेदारी प्रणाली के अध्ययन में वंश सिद्धांत (Descent Theory) के अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए।"	20
6.	क्या शहरीकरण जैसे आधुनिक परिवर्तनों के कारण भारतीय संयुक्त परिवार गायब हो रहा है? चर्चा कीजिए।	20
7.	भारत में विवाह की संस्था में क्या बड़े बदलाव आ रहे हैं?	20
8.	समकालीन भारत में आधुनिकता और मध्यम वर्ग के बीच संबंध का वर्णन कीजिए।	20
9.	हम केवल "जाति" को देखकर भारतीय गाँवों का अध्ययन क्यों नहीं कर सकते? "वर्ग" भी क्यों महत्वपूर्ण है? चर्चा कीजिए।	20
10.	भारतीय परिदृश्य में श्रमिक वर्ग (Working Class) का वर्णन कीजिए।	20